an>

Title: Need to set up a Cancer Research Institute and Hospital in Faizabad, Uttar Pradesh.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र फैजाबाद, उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। यह उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल के पिछड़े क्षेत्रों में से एक हैं इसके इर्द-गिर्द गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, सुलतानपुर एवं अमेठी सहित लगभग डेढ दर्जन जिले भी इसी की तरह पिछड़े हैं। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से गरीब और कमजोर वर्ग के लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्या निरन्तर बढती जा रही है। इस क्षेत्र में कैंसर की भयावह तस्वीर उभर रही है। पिछले लगभग डेढ़ साल से कैंसर के बारे में निरन्तर छानबीन और लोगों से जानकारी के बाद यह बात सामने आई है कि ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में शायद ही अब ऐसा कोई गांव बचा हो जहां कैंसर से पीडित गरीब और आम लोग न हों। सर्वेक्षण के दौरान खास बात यह भी सामने आई है कि इस पिछड़े इलाके के गरीबों को कैंसर जैसी भयावह बीमारी के बारे में प्राथमिक स्तर पर जानकारी नहीं हो पा रही है। सच तो यह है कि फैजाबाद सहित पूरा का पूरा कछारीय इलाका जापानी इंसेफ्लाइटिस की तरह कैंसर की चपेट में है। किसी किसी गांव में एक ही साल में कई कई मौतें इससे हो रही हैं। मंहगा इलाज तथा आम लोगों में जानकारी का अभाव भी इसका एक कारण है। पिछड़े एवं गरीब क्षेत्र के लोगों कोकई जांचोपरांत कैंसर की जानकारी होती है। पूर्वांचल में इलाज हेतु पर्याप्त सुविधा न होने के कारण उनको इलाज के लिए मुम्बई और दिल्ली की ओर जाना पड़ता है। आधे से ज्यादा मरीज तो इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। पूर्वांचल में प्राथमिक स्तर पर कैंसर की जानकारी और जागरूकता का प्रयास किया जाना जरूरी है। इसके साथ ही कैंसर पीड़ित रोगियों के इलाज की व्यवस्था पूर्वांचल में किये जाने पर बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों को बचाया जा सकेगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पूर्वांचल के कैंसर पीड़ितों के इलाज और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिए जाने के लिए फैजाबाद, उत्तर प्रदेश में कैंसर इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाए जायें।